*चुनाव अत्यावश्यक*

**राजस्थान सरकार**
**सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग**

**क्रमांकः-प.13(2)साप्र/2/2013** **जयपुर, दिनांकः** 26/10/2020

## -: आदेश :-

राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जयपुर जिले की नगर निगम जयपुर हैरिटेज एवं जयपुर ग्रेटर, जोधपुर जिले की नगर निगम जोधपुर उत्तर एवं जोधपुर दक्षिण तथा कोटा जिले की नगर निगम कोटा उत्तर एवं कोटा दक्षिण के आम चुनाव दो चरणों में कराये जाने हेतु चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है (कार्यक्रम की प्रति संलग्न है)। अतः प्रथम चरण के लिए नगर निगम जयपुर हैरिटेज, जोधपुर उत्तर एवं कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्रों में मतदान तिथि दिनांक 29.10.2020 को एवं द्वितीय चरण के लिए नगर निगम जयपुर ग्रेटर, जोधपुर दक्षिण एवं कोटा दक्षिण नगर निगम क्षेत्रों में मतदान तिथि दिनांक 01.11.2020 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु जिला कलक्टर (जिला निर्वाचन अधिकारी), जयपुर, जोधपुर एवं कोटा को अधिकृत किया जाता है।

साथ ही पुनर्मतदान की स्थिति में भी जहां पुनर्मतदान होगा उस मतदान क्षेत्र/क्षेत्रों में पुनर्मतदान की तिथि को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु संबंधित जिला कलक्टर, (जिला निर्वाचन अधिकारी) को अधिकृत किया जाता है।

**संलग्नः- उपरोक्तानुसार।**

**राज्यपाल महोदय की आज्ञा से,**

**(राजेन्द्र सिंह शेखावत)**
**संयुक्त शासन सचिव**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-**

1. सचिव, माननीय राज्यपाल महोदय, राजस्थान जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान जयपुर।
3. सचिव, राजस्थान विधानसभा, जयपुर।
4. प्रमुख सचिव, लोकायुक्त सचिवालय, जयपुर।
5. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
6. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
7. संयुक्त सचिव(जीबी), मुख्यमंत्री कार्यालय।
8. समस्त विशिष्ट सहायक/निजी सचिव, मंत्रीगण/राज्यमंत्रीगण, राजस्थान जयपुर।
9. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
10. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान जयपुर को उनके पत्र क्रमांक 8320 दिनांक 11.10.2020 के क्रम में।
11. निजी सचिव, समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ट शासन सचिव गण।
12. निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि चुनाव विभाग से प्राप्त निर्देशों की पालना को सुनिश्चित करावें।
13. निबन्धक, राजस्व मण्डल, अजमेर।
14. निजी सचिव, शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग।
15. आयुक्त, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान जयपुर।
16. संभागीय आयुक्त, जयपुर, जोधपुर एवं कोटा।
17. जिला कलक्टर्स (जिला निर्वाचन अधिकारी), जयपुर, जोधपुर एवं कोटा।
18. पंजीयक, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर/जयपुर बैंच, जयपुर।
19. संयुक्त शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार (ग्रुप-3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
20. समस्त विभागाध्यक्ष राजस्थान/समस्त निगम/मण्डल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।
21. सहायक शासन सचिव, सामान्य प्रशासन (ग्रुप-1, 3, 4, 5, 6) विभाग/सम्पदा विभाग, शासन सचिवालय।
22. प्रोग्रामर, सामान्य प्रशासन(ग्रुप-3) विभाग, शासन सचिवालय,जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश को सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट पर अपडेट कराने का श्रम करावें।
23. रक्षित पत्रावली।

26/10/2020

**संयुक्त शासन सचिव**

232

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर–302005)
email- secraj@rajasthan.gov.in 0141-2227280, 2227072

क्रमांकः एफ.4(1)(1)/नपा/रानिआ/2020/8320 दिनांकः11.10.2020

शासन सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
सचिवालय, जयपुर।

**विषयः– नगर निगम आम चुनाव अक्टूबर–नवम्बर, 2020 – मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने बाबत्।**

महोदय,

राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर जिले की नगर निगम जयपुर हैरिटेज एवं जयपुर ग्रेटर, जोधपुर जिले की नगर निगम जोधपुर उत्तर एवं जोधपुर दक्षिण तथा कोटा जिले की नगर निगम कोटा उत्तर एवं कोटा दक्षिण के आम चुनाव दो चरणों में कराये जाने हेतु चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। प्रथम चरण के लिए मतदान दिनांक 29.10.2020 एवं द्वितीय चरण के लिए मतदान दिनांक 01.11.2020 हो होना निर्धारित है। कार्यक्रम की प्रति संलग्न है।

अतः प्रथम चरण के लिए नगर निगम जयपुर हैरिटेज, जोधपुर उत्तर एवं कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्रों में दिनांक 29.10.2020 को एवं द्वितीय चरण के लिए नगर निगम जयपुर ग्रेटर, जोधपुर दक्षिण एवं कोटा दक्षिण नगर निगम क्षेत्रों में दिनांक 01.11.2020 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करवावें।

यदि कहीं किसी कारण से पुर्नमतदान की स्थिति बनती है तो पुर्नमतदान के दिवस भी संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित करवाने का कष्ट करावें।

संलग्न : चुनाव कार्यक्रम।

भवदीय,

(श्याम सिंह राजपुरोहित)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
एवं सचिव

क्रमांकः एफ.4(1)(1)/नपा/रानिआ/2020/8321 दिनांकः11.10.2020

प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) जयपुर, जोधपुर एवं कोटा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(अशोक कुमार जैन)
उपसचिव

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

## नगर निगम आम चुनाव माह अक्टूबर–नवम्बर, 2020

### चरणवार आम चुनाव कार्यक्रम

➢ **सदस्य के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | लोक सूचना जारी करने की तिथि | 14.10.2020 (बुधवार) |
| 2. | नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19.10.2020 (सोमवार)<br>प्रातः 10.30 से अपराह्न 3.00 बजे तक<br>(सार्वजनिक अवकाश दि. 18.10.2020 को छोड़कर) |
| 3. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय | 20.10.2020 (मंगलवार)<br>प्रातः 10.30 बजे से |
| 4. | अभ्यर्थिता वापिस लेने की अंतिम तिथि | 22.10.2020 (गुरूवार)<br>अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 5. | चुनाव चिन्हों क आवंटन की तिथि एवं समय | 23.10.2020 (शुक्रवार)<br>प्रातः 10.30 बजे से |
| 6. | मतदान की तिथि एवं समय (मतदान यदि आवश्यक हुआ तो) | |
| | **प्रथम चरण के लिए** | 29.10.2020 (गुरूवार)<br>प्रातः 7.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक |
| | **द्वितीय चरण के लिए** | 01.11.2020 (रविवार)<br>प्रातः 7.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक |
| 7. | मतगणना | 03.11.2020 (मंगलवार)<br>प्रातः 9.00 बजे से |

➢ **महापौर के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | लोक सूचना जारी करने की तिथि | 04.11.2020 (बुधवार) |
| 2. | नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने का प्रथम दिन | 04.11.2020 (बुधवार)<br>प्रातः 10.30 से अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.11.2020 (गुरूवार)<br>प्रातः 10.30 से अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 4. | नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तिथि | 06.11.2020 (शुक्रवार)<br>प्रातः 10.30 बजे से |
| 5. | अभ्यर्थिता वापिस लेने की तिथि | 07.11.2020 (शनिवार)<br>अपराह्न 3.00 बजे तक |
| 6. | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 07.11.2020 (शनिवार)<br>(अभ्यर्थिता वापिस लेने की समय समाप्ति के तुरन्त पश्चात्) |
| 7. | मतदान की तिथि एवं समय | 10.11.2020 (मंगलवार)<br>प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक |
| 8. | मतगणना की तिथि एवं समय | 10.11.2020 (मंगलवार)<br>मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात् |

➢ **उप महापौर के लिए**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निर्वाचन की तिथि | 11.11.2020 (बुधवार) |
| 2. | निर्वाचन प्रक्रिया हेतु समय–सारणी | |
| | बैठक का प्रारम्भ | प्रातः 10.00 बजे |
| | नामांकन पत्रों का प्रस्तुतिकरण | प्रातः 11.00 बजे तक |
| | नामांकन पत्रों की संवीक्षा | प्रातः 11.30 बजे से |
| | अभ्यर्थिता वापसी | अपराह्न 2.00 बजे तक |
| | मतदान यदि आवश्यक हुआ तो | अपराह्न 2.30 बजे से 5.00 बजे तक |
| | मतगणना | मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात् |

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

## नगर निगम आम चुनाव माह अक्टूबर–नवम्बर, 2020

### चरणवार नगर निगम की सूची

| क.सं. | जिले का नाम | नगर निगम का नाम | वार्ड संख्या | मतदान केन्द्रों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **प्रथम चरण** | | | | |
| 1. | जयपुर | जयपुर हैरिटेज | 100 | 1581 |
| 2. | जोधपुर | जोधपुर उत्तर | 80 | 625 |
| 3. | कोटा | कोटा उत्तर | 70 | 555 |
| **योग** | | | **250** | **2761** |
| **द्वितीय चरण** | | | | |
| 1. | जयपुर | जयपुर ग्रेटर | 150 | 2048 |
| 2. | जोधपुर | जोधपुर दक्षिण | 80 | 540 |
| 3. | कोटा | कोटा दक्षिण | 80 | 623 |
| **योग** | | | **310** | **3211** |
| **महायोग** | | | **560** | **5972** |

10/10/20